**विधान परिषद के प्रथम सत्र-2024 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित श्री राज बहादुर सिंह चन्देल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-07 का उत्तर।**

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
| --- | --- |
| 7(क) क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम में कार्यरत कुल कितने कर्मचारी/अधिकारी दिनांक 01.01.2023 से 31.12.2023 के मध्य सेवाकाल में दिवंगत हुए है ? | उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में दिनांक 01.01.2023 से 31.12.2023 के मध्य कुल 121 कर्मचारी/अधिकारी सेवाकाल में दिवंगत हुए हैं। |
| (ख) उक्त का विवरण क्या है तथा क्या इनके आश्रितों को मृतक आश्रित का लाभ प्रदान कर दिया गया है ? | दिनांक 01.01.2023 से 31.12.2023 के मध्य सेवाकाल में दिवंगत हुए 121 कर्मचारी/अधिकारी में से 52 आश्रितों से प्रस्ताव प्राप्त हुए तथा 69 आश्रितों से प्रस्ताव अभी तक प्राप्त नहीं हुए हैं।<br>सार्वजनिक उद्यम विभाग के शासनादेश संख्या-5वी0आई0पी0/44-2-2003-2/(च0स0)/88 दिनांक 11-07-2003 में वर्णित प्राविधानानुसार एवं उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम के हानि की स्थिति में होने के कारण वर्तमान में मृतक आश्रितों को नियुक्ति प्रदान किये जाने का औचित्य नहीं पाया गया है। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | उपरोक्तानुसार। |

दयाशंकर सिंह
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
परिवहन विभाग।